

दादरा नगर हवेली ऊर्जा वितरण निगम लिमिटेड

(सरकार का उपक्रम)

DNH Power Distribution Corporation Limited

(A Govt. Undertaking)

CIN: U40100 DN 2012 GOI 000405

3rd Annual Report 2014-15



Inauguration 66/11 KV Sub-Station at Kala by
Hon'ble Minister of State for Home Affairs Shri Haribhai Chaudhary





Donation of Cardiac Care Ambulance under CSR Initiative to Vinoba Bhave Hospital, Silvassa, DNH



Inauguration of 200 KW Solar PV Plant at Athal, DNH



Inauguration of 66/11 KV, Sub-Station at Velugam, DNH



Inauguration of 66/11 KV, Sub-Station at Piparia, Silvassa, DNH

DNH Power Distribution Corporation Limited
(A Govt. Undertaking)
CIN: U40100DN2012GOI000405

Content

1.	Board of Directors	3
2.	Chairman's speech	5
3.	Directors Report	7
4.	Reply of Management to the Comments of the CAG	81
5.	Independent Auditors Report	83
6.	Annexure to the Independent Auditors Report	89
7.	Comment of the Comptroller and Auditor General of India	101
8.	Balance Sheet as at 31st March 2015	103
9.	Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March 2015	107
10.	Cash Flow Statement for the year ended 31st March 2015	109
11.	Significant Accounting policies and notes to Financial Statements	113
12.	Notes to and Forming Part of Balance Sheet as at 31st March 2015	123
13.	Notes to and Forming Part of Statement of Profit and Loss	139
14.	Proxy Form	153

1.	निदेशक मंडल	2
2.	अध्यक्ष का संबोधन	4
3.	निदेशक मंडल की रिपोर्ट	6
4.	प्रबंधन का नियंत्रक एवं महा-लेखा परीक्षक को जवाब	80
5.	स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट	82
6.	स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक	88
7.	भारत के नियंत्रक एवं महा-लेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	100
8.	31 मार्च, 2015 तक का तुलन पत्रक	102
9.	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा का विवरण	106
10.	समाप्त वर्ष मार्च, 2015 के लिए नकद प्रवाह विवरण	108
11.	महत्वपूर्ण लेखा नीति एवं वित्तीय विवरण पर टिप्पणियाँ	112
12.	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्रक के रूप में बनी टिप्पणियाँ	122
13.	लाभ एवं हानि के रूप में बनी टिप्पणियाँ	138
14.	प्रतिनिधि प्रपत्र	152

अध्यक्ष

श्री आशिष कुंद्रा, भा.प्र.से. (18.08.2014 से कार्यान्वित)

प्रबंध निदेशक

श्री संदीप कुमार, भा.प्र.से

निदेशक

श्री पी. एस. रेड्डी, भा.प्र.से.	(23.04.2015 तक)
श्री जी. एस. मीना, भा.प्र.से.	(27.01.2015 तक)
श्रीमती मिताली नामचूम, भा.प्र.से.	(21.11.2014 से कार्यान्वित)
श्री गौरव सिंह राजावत, भा.प्र.से.	(17.03.2015 से कार्यान्वित)
श्री जे. पी. अग्रवाल, भा.प्र.से.	(22.05.2015 से कार्यान्वित) (17.08.2015 तक)
श्री विनोद कावले, भा.प्र.से.	(07.09.2015 से कार्यान्वित)

स्वतंत्र निदेशक

श्री हिमांशु कापडिया
श्री पेन्टैया पोलागनी (08.08.2014 से कार्यान्वित)

वरिष्ठ प्रबंध

श्री किशोर वामनिया, महा प्रबंधक (वित्त एवं मा.सं.)
श्री एच. एम. पटेल, अधिक्षण अभियंता (विद्युत)

कंपनी सचिव

श्री विट्ठल एम. चव्हाण

बैंकर्स

देना बैंक
भारतीय स्टेट बैंक

सांविधिक लेखा - परीक्षक

मेसर्स अग्रवाल एण्ड पंथानिया
सनदी लेखाकार,
सुरत

पंजीकृत कार्यालय

विद्युत भवन, पहला मजला,
सचिवालय के सामने, सिलवासा - 396 230

Board of Directors

Chairman

Shri Ashish Kundra, IAS (w.e.f. 18.08.2014)

Managing Director

Shri Sandeep Kumar, IAS

Directors

Shri P. S. Reddy, IAS	(till 23.04.2015)
Shri G. S. Meena, IAS	(till 27.01.2015)
Smt. Mitali Namchoom, IAS	(w.e.f. 21.11.2014)
Shri Gaurav Singh Rajawat, IAS	(w.e.f. 17.03.2015)
Shri J. P. Agrawal, IAS	(w.e.f. 22.05.2015) (till 17.08.2015)
Shri Vinod Kavle, IAS	(w.e.f. 07.09.2015)

Independent Directors

Shri Hemanshu Kapadia	
Shri Pentayya Polagani	(w.e.f. 08.08.2014)

Senior Management

Shri Kishore Bamania, G.M. (Fin & HR)

Shri H. M. Patel, S.E. (Ele)

Company Secretary

Shri Vitthal M. Chavan

Bankers

Dena bank

State Bank of India

Statutory Auditors

M/s Agarwal & Dhandhania

Chartered Accountants

Surat

REGISTERED OFFICE

1st Floor, Vidyut Bhavan,

Opp. Secretariat, Silvassa - 396 230

दिनांक 17-11-2015 को आयोजित तृतीय वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्ष श्री का शेयरधारकों को संबोधन



प्रिय शेयरधारकों,

आपकी कंपनी के तृतीय वार्षिक सामान्य बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है।

कंपनी ने दिनांक 1 अप्रैल 2013 से सफलतापूर्वक वाणिज्यिक गतिविधि की शुरुआत की है। यह इसके वाणिज्यिक गतिविधि का द्वितीय वर्ष है।

आपको यह बताते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि आपकी कंपनी ने जे.ई.आर.सी द्वारा अनुमोदित उचित दर पर अपने उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान की है और लाभ के रूप में वर्ष 2014-15 के दौरान 66.86 करोड़ रुपये अर्जित किये है।

आपकी कंपनी हमारे प्रतिष्ठित उपभोक्ताओं को उचित दर पर सर्वोत्तम सेवा प्रदान करना जारी रखेगी और निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी कोशिश करेगी और बेहतर प्रदर्शन के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

मैं बोर्ड के अपने सभी सहभागियों को उनके बहुमुल्य योगदान के लिए और कंपनी के प्रदर्शन में अपना विश्वास दिखाने के लिए सभी हितधारकों की प्रशंसा करता हूँ।

हस्ता.
(आशिष कुंद्रा, भा.प्र.से.)
अध्यक्ष

सिलवासा
17 नवंबर, 2015

CHAIRMAN'S ADDRESS TO THE SHAREHOLDERS AT THE THIRD ANNUAL GENERAL MEETING HELD ON 17/11/2015



Dear Shareholders,

It is my great pleasure to welcome you all to this Third Annual General Meeting of our Company.

The Company has successfully started commercial operations w.e.f. 1st April 2013. This is the second year of its commercial operation.

I am glad to report that our Company has delivered the services to its customers at a reasonable rates approved by JERC and earned an operating profit of ₹ 66.86 crore during 2014-15.

Our Company will continue to deliver best services to our esteemed customers at a reasonable cost and will make all efforts to ensure sustainable growth and surge ahead to attain better heights of performance.

I convey my appreciation to my colleagues on the Board for their valuable contribution and to all our stakeholders for reposing confidence in the performance of the Corporation.

Sd/-
(Ashish Kundra, IAS)
Chairman

Silvassa
17th November, 2015

सेवा में,

सदस्यगण,

आपके निदेशकों को आपके निगम के तृतीय वार्षिक रिपोर्ट एवं 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष का लेखा परीक्षा विवरण प्रस्तुत करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है।

1. कार्य स्थिति :

वित्त वर्ष 2014-15 के लिए मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार है ;

- राजस्व में 9.44 प्रतिशत से वृद्धि हुई, कुल राजस्व ₹ 2,387.85 करोड़
- कर पूर्व लाभ और असाधारण आयटम (पी.बी.टी.) में 96.47 प्रतिशत की वृद्धि हो गई – ₹ 66.86 करोड़
- वितरण हानि 4.78% से बढ़कर 4.95 % हुई

2. वित्तीय झलकियाँ:

वित्तीय झलकियों का सार एक नजर में निम्नवत् है:

(₹ रकम करोड़ में)

विवरण	2014-15	2013-14
आय		
बिजली की बिक्री से राजस्व	2,297.43	2,115.30
अन्य आय	90.42	66.51
कुल आय	**2,387.85**	**2,181.81**
व्यय		
बिजली की खरीद	2,275.81	2,122.87
कर्मचारी लाभ व्यय	9.10	8.16
वित्त लागत	4.68	3.49
मूल्यह्रास	13.61	14.05
अन्य व्यय	16.94	5.46
वस्तु-सूचि में परिवर्तन	0.85	(6.25)
कुल व्यय	**2,320.99**	**2,147.78**
अतिरिक्त असाधारण वस्तुओं एवं कर पूर्व लाभ	66.86	34.03

Directors' Report

To,

The Members,

Your Directors have great pleasure in presenting the Third Annual Report of your Corporation and the Audited Financial Statements for the year ended 31st March 2015.

1. STATE OF THE AFFAIRS :

The key highlights for the Financial Year 2014-15 are as under;

- Increase in revenue by 9.44 % to Rs. 2387.85 crore
- Increase in Profit before Tax & Extra-ordinary items (PBT) by 96.47% to Rs.66.86 crore
- Distribution losses Increased from 4.78% to 4.95 %

2. FINANCIAL HIGHLIGHTS :

The summarized financial highlights at a glance are given below:

(₹ in crores)

Particulars	2014-15	2013-14
Income		
Revenue from sale of power	2,297.43	2,115.30
Other Income	90.42	66.51
Total Income	**2,387.85**	**2,181.81**
Expenditure		
Purchase of power	2,275.81	2,122.87
Employee benefit expenses	9.10	8.16
Finance cost	4.68	3.49
Depreciation	13.61	14.05
Other expenses	16.94	5.46
Changes in inventories	0.85	(6.25)
Total expenditure	**2,320.99**	**2,147.78**
Profit before Extra-ordinary items and Tax	66.86	34.03

(₹ in crores)

Particulars	2014-15	2013-14
असाधारण आयटम (राजस्व अनुदान)	–	120.00
कर पूर्व लाभ (PBT)	**66.86**	**154.03**
कर व्यय	24.02	52.88
कर के बाद लाभ (PAT)	**42.84**	**101.15**
प्रस्तावित लाभांश	0.80	20.23
लाभांश वितरण कर के लिए प्रावधान	0.15	3.43
हस्तांतरित आरक्षित निधि	0.80	10.12
तुलन-पत्रक को हस्तांतरित शेष	**41.09**	**67.37**

3. लाभांश:

निगम ने सब-ट्रांसमिशन एवं नेटवर्क वितरण सुदृढ़ बनाने के लिए भूमिगत केबलिंग और सौर ऊर्जा परियोजनाओं की पहल की है; इसलिए इन परियोजनाओं के लिए स्त्रोतों को संरक्षित रखने के क्रम में, बोर्ड ने शेयर पूँजी राशि रु 80.00 करोड़ के ऊपर 1 % की दर से टोकन लाभांश के रूप में वर्ष 2014-15 के लिए राशि रु 80.00 लाख के भुगतान की सिफारिश की है।

4. आरक्षण में हस्तातरण :

आपके निवेशक द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 में आरक्षित निधी रखने ₹ 80,00,000/- का स्थानांतरण करने का प्रस्ताव है।

5. गतिविधिक प्रदर्शन:

I) वर्ष 2014-15 के दौरान निगम के गतिविधिक प्रदर्शन के प्रमुख आँकड़े, औसत/प्रतिशत निम्नवत् हैं:

क्रमांक	विवरण	2014-15	2013-14
1	नेट बिजली खरीद (Mus)	5,435.14	5,209.81
2	युनिट बेचे गये (Mus)	5,166.37	4,960.53
3	युनिट हानि (Mus)	268.77	249.28
4	वितरण हानि (%)	4.95	4.78
5	प्रति युनिट औसत प्राप्ती	4.45	4.26

वर्ष 2014-15 के दौरान आपके निगम का वितरण हानि मात्र 4.95% रहा और जो विद्युत वितरण कंपनियों में सबसे अच्छा है।

(₹ in crores)

Particulars	2014-15	2013-14
Extra-ordinary items (Revenue Grant)	–	120.00
Profit before tax (PBT)	**66.86**	**154.03**
Tax expenditure	24.02	52.88
Profit after tax (PAT)	**42.84**	**101.15**
Proposed Dividend	0.80	20.23
Provision for dividend distribution tax	0.15	3.43
Amount transferred to General Reserve	0.80	10.12
Balance transferred to Balance Sheet	**41.09**	**67.37**

3. DIVIDEND :

The Corporation has initiated project like underground cabling for strengthening sub-transmission & distribution network and Solar project etc; hence in order to conserve the resources for said projects, the Board recommends to pay token dividend at rate of 1% of paid-up share capital of Rs. 80.00 crore i.e. Rs. 80.00 lakhs for the year 2014-15.

4. TRANSFER TO RESERVES :

Your Directors proposes to transfer Rs. 80,00,000/- to Reserves for the financial year 2014-15.

5. OPERATIONAL PERFORMANCE :

i) Key figures, ratios/percentage depicting the operational performance of the Corporation during year 2014-15 are as under:

Sr. No.	Particulars	2014-15	2013-14
1	Net Power Purchased (Mus)	5,435.14	5,209.81
2	Units Sold (Mus)	5,166.37	4,960.53
3	Unit Loss (Mus)	268.77	249.28
4	Distribution Losses (%)	4.95	4.78
5	Average Realization Per Unit	4.45	4.26

Distribution loss of your Corporation during year 2014-15 is only 4.95% and is the best amongst the power distribution Companies.

ii) वर्ष 2014-15 के दौरान लगाये गये नये कनेक्शन :

क्रमांक	विवरण	2014-15	2013-14
1	HT नए कनेक्शन/अतिरिक्त भार	17	9
2	LT उद्योगों के लिए नए कनेक्शन	95	57
3	आवासीय कनेक्शन	1,691	2,247
4	वाणिज्यिक कनेक्शन	0	118
5	स्ट्रीट लाइट कनेक्शन	36	37
6	कृषि	57	44
7	जलघर कनेक्शन	307	0
8	अन्य	81	61
	कुल	2,284	2,573

III) वर्ष 2014-15 के दौरान जोड़े गये सिस्टम नेटवर्क।

क्रमांक	विवरण	संख्या	2014-15	2013-14
1	HT लाइन	Kms	14.6	28
2	LT लाइन	Kms	2.5	138
3	ट्रान्सफोर्मर केन्द्रो	Nos	7	18

iv) वर्ष के दौरान वर्गवार बिक्री :

क्रमांक	उपभोक्ता वर्ग	2014-15 ₹ (करोड़ में)	2014-15 %	2013-14 ₹ (करोड़ में)	2013-14 %
1	HT	2,193.72	95.49	2,026.78	95.81
2	LT	70.98	3.09	61.01	2.88
3	वाणिज्यिक	9.10	0.40	9.37	0.44
4	आवासीय	18.47	0.80	15.67	0.74
5	सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था	2.35	0.10	1.18	0.06
6	कृषि	0.34	0.01	0.33	0.02
7	अन्य	2.47	0.11	0.96	0.05
	कुल	2,297.43	100.00	2,115.30	100.00

वर्ष के दौरान मूल संचयन ₹ 2294.50 करोड रही।

ii) New connections released during year 2014-15:

Sr. No.	Particulars	2014-15	2013-14
1	HT new connections/Additional Load	17	9
2	LT Industries new connections	95	57
3	Residential connections	1,691	2,247
4	Commercial connections	0	118
6	Street Light connections	36	37
7	Agricultural	57	44
8	Water works connections	307	0
9	Others	81	61
	Total	**2,284**	**2,573**

iii) System network added during the year 2014-15:

Sr. No	Particulars	Nos	2014-15	2013-14
1	HT LINE	Kms	14.6	28
2	LT LINE	Kms	2.5	138
3	Transformer Centers	Nos	7	18

iv) Category wise sales during the year:

Sr. No.	Consumer category	2014-15 ₹ (in Cr.)	2014-15 %	2013-14 ₹ (in Cr.)	2013-14 %
1	HT	2,193.72	95.49	2,026.78	95.81
2	LT	70.98	3.09	61.01	2.88
3	Commercial	9.10	0.40	9.37	0.44
4	Residential	18.47	0.80	15.67	0.74
5	Public Lighting	2.35	0.10	1.18	0.06
6	Agriculture	0.34	0.01	0.33	0.02
7	Others	2.47	0.11	0.96	0.05
	Total	**2,297.43**	**100.00**	**2,115.30**	**100.00**

Actual realization during the year is ₹ 2294.50 crore.

v) दिनांक 31 मार्च, 2015 को वर्गवार उपभोक्ता :

क्रमांक	उपभोक्ता वर्ग	2014-15	2013-14
1	HT	887	872
2	LT	2,001	1,906
3	वाणिज्यिक	6,986	7,064
4	आवासीय	53,193	51,502
5	सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था	310	274
6	कृषि	1,179	1,122
7	अन्य	626	238
	कुल	**65,182**	**62,978**

6. प्रणाली सुधार :

आपके निगम ने प्रणाली के सुधार के लिए कई कदम उठाये हैं और दादरा एवं नगर हवेली प्रदेश में विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए निम्नलिखित मुख्य स्कीमों को लागू किया गया हैं।

क) पिपरिया, सिलवासा में 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन की स्थापना :

बढ़ते हुए विद्युत मांग को पूरा करने के लिए आमली में स्थित 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन के अलावा आपके निगम ने पिपरिया में एक नये 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन की स्थापना की है। यह सब-स्टेशन दिनांक 15 अक्तूबर, 2014 को बनकर वाणिज्यक उपयोग में आ गया है।

ख) कला गांव में 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन की स्थापना :

कला एवं खेरडी गांव के विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए आपके निगम ने कला में एक अन्य 66/11, 2x20 एम.वी.ए. के सब-स्टेशन की स्थापना की है। इस सब-स्टेशन ने दिनांक 16 फरवरी, 2015 को बनकर वाणिज्यक उपयोग में आ गया है।

ग) वेलुगाम में 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन की स्थापना :

वेलुगाम एवं उसके आस-पास के इलाकों की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपके निगम ने वेलुगाम में एक अन्य 2x20 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर वाले 66/11 के.वी. के सब-स्टेशन की स्थापना की हैं। यह सब-स्टेशन दिनांक 6 दिसम्बर, 2014 को बनकर वाणिज्यक उपयोग में आ गया है।

v) Category wise consumers as on 31st March 2015:

Sr. No.	Consumer category	2014-15	2013-14
1	HT	887	872
2	LT	2,001	1,906
3	Commercial	6,986	7,064
4	Residential	53,193	51,502
5	Public Lighting	310	274
6	Agriculture	1,179	1,122
7	Others	626	238
	Total	**65,182**	**62,978**

6. SYSTEM IMPROVEMENTS :

Your Corporation has taken many steps for the improvement of the system and the following major schemes have been implemented to strengthen the power distribution network within the territory of Dadra and Nagar Havell.

A) Establishment and Commissioning of 66/11 KV Sub-station at Piparia, Silvassa

Your Corporation has erected 66/11 KV Sub-Station at Piparia, Silvassa to take care of the increasing power requirement beyond the capacity of existing 66/11 KV sub-station at Amli. This sub-station commissioned and put in to commercial operation w.e.f. 15th October 2014.

B) Establishment and Commissioning of 66/11 KV sub-station at village Kala

The Corporation completed the establishment of another 66/11KV, 2 x 20 MVA sub-station at Kala to take care of the power requirement at Kala and Kherdi area. This sub-station commissioned on 16th February 2015.

C) Establishment of 66/11 KV sub-station at village Velugam

Establishment of another 66/11 sub-station at Velugam with 2 x 20 MVA transformers was also taken up by your Corporation to take care of the power requirement of Velugam and its surrounding areas. This Sub-station was commissioned on 6th December 2014.

उपर्युक्त तीन सब-स्टेशनों की स्थापना से संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को उचित विद्युत आपूर्ति में सुविधा होगी और गतिविधि तथा वितरण में होनेवाली तकनीकि नुकसान को कम किया जा सकेगा।

घ) सिलवासा में 66/11 के.वी. जी.आई.एस. सब-स्टेशन के साथ सिलवासा शहरी क्षेत्र में वितरण नेटवर्क के लिए भूमिगत केबलिंग :

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) ने दिनांक 31.07.2013 को तकनीकी मंजूरी प्रदान कर दी है। GIS सब-स्टेशन की स्थापना के साथ सिलवासा शहरी क्षेत्र में वितरण नेटवर्क हेतु भूमिगत केबलिंग के प्रशासकिय एवं व्यय मंजूरी भी सक्षम प्रधिकारी से ले ली गई है। निवीदा तैयार करने हेतु निगम ने एर्जेसी को तैनात करने की पहल की है।

च) रखोली एवं खडोली में 66/11 के. वी. के सब-स्टेशनों का संवर्धन।

बहुलक्षीय गतिविधियों को प्राप्त करने, तकनीकी नुकसान को कम करने, उन्नत सेवा प्रदान करने एवं उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बाधारहित विद्युत आपूर्त्ति प्रदान करने के लिए आपका निगम अपने सब-स्टेशनों और वितरण नेटवर्क को निरंतर उन्नत एवं संवर्धित कर रहा है। 10 एम.वी.ए. ट्रांस्फार्मर को 20 एम.वी.ए. ट्रांस्फार्मर से बदल दिया गया है।

छ) पुराने यांत्रिक मीटरों को इलेक्ट्रॉनिक मीटरों से बदला गया :

मीटर प्रणाली को सुधारने के लिए और बिल भुगतान को ठीक करने हेतु, आपके निगम ने चरणबद्ध तरीके से पुराने यांत्रिक मीटरों को इलेक्ट्रॉनिक मीटरों से बदलने का काम शुरु कर दिया है।

7. निगम द्वारा उठाये गये कदम :

क) उपभोक्ता सेवाएँ :

उत्तम एवं त्वरित सेवा के ज़रिये आपका निगम उपभोक्ता संतुष्टि को सुनिश्चित करने के प्रति कटिबद्ध है। इस दिशा में, कार्यरत एवं मरम्मत करने वाले कर्मचारी हर वक्त लगे रहते है ताकि इस बात को सुनिश्चित किया जा सके कि गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्त्ति हो और विद्युत वितरण में आने वाले तकनीकी गलतियों को दूर किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को बाधारहित विद्युत आपूर्त्ति को सुनिश्चित किया जा सके।

निगम ने अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए ई-भुगतान की सुविधा प्रदान की है। उपभोक्ता के लिए किसी भी समय कहीं से भी नेट बैंकिंग या क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस./ आई.एम. पी. एस./ आदि के ज़रिये सुविधानुसार बिजली बिलों का भुगतान कर सके। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान अपने बैंक के वेबसाईट का प्रयोग करते हुए इंस्टापे सेवा से भी कर सकते हैं। यह सुविधा कियोस्क, निगम के कलेक्शन केन्द्रों और डाकघरों की सुविधा के अतिरिक्त है। आपके निगम ने बिजली बिलों के भुगतान को दादरा एवं नगर हवेली प्रशासन के "आम सेवा केन्द्र" (सी.एस.सी.) के साथ भी एकीकृत किया है। निगम मोबाइल/सेल फोनों के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान की सुविधा भी शुरू करने जा रहा है। उपभोक्ताओं के शिकायत निवारण

Establishment of the above three sub-stations at respective load centers facilitated adequate quality power supply to its consumers and shall minimise the technical losses in operation & distribution.

D) Establishment of 66/11 KV GIS sub-station at Silvassa along with underground cabling of distribution network of Silvassa Town Area

The Central Electricity Authority (CEA) accorded Technical Sanction on 31.07.2013. The administrative and expenditure sanction for establishment of GIS sub-station along with underground cabling of distribution network of Silvassa town has been accorded by the Competent Authority. The Corporation has initiated for engagement of agency for preparation of NIT.

E) Augmentation of 66/11 KV sub-station at Rakholi & Khadoli

Your Corporation is constantly upgrading and augmenting its sub-stations and distribution networks to achieve multi-pronged activities, to reduce losses, to provide improved services and uninterrupted quality power to the consumers. A 10 MVA transformer has been replaced with 20 MVA transformer.

F) Replacement of old mechanical meters with electronics meters

To improve the metering system and billing efficiency, your Corporation started to replace the old mechanical meters with electronic meters in a phased manner.

7. INITIATIVES TAKEN BY THE CORPORATION :

a) Consumer Services

Your Corporation is committed to ensure customer satisfaction through excellent, prompt service. In this direction, the operation and maintenance staff are extending round the clock service to ensure quality power supply and attending technical faults in distribution network to ensure uninterrupted power supply to the consumers.

The Corporation has put in place e-payment facility as a part of better services to its consumers. The consumers are able to pay electricity bills either by using net banking, credit/debit cards, NEFT/RTGS/IMPS/etc at their convenience from anywhere at any time. Moreover consumers can pay their bills from their banks website using INSTAPAY service. This facility is in addition to the Kiosks, collection counters of the Corporation and post offices. Your Corporation has also integrated the energy bill payment with "Common Service Centre" (CSC) of the Administration of Dadra & Nagar Haveli. The Corporation is planning to start facilities for online payment through mobile/cell phones. Consumer Grievances Reddressal Forum is also in place to address the grievances of consumers.

हेतु उपभोक्ता शिकायत निवारण संघ की स्थापना की गई है।

ख) अपनाये गये सुरक्षा मापदंड :

आपके निगम ने अपने नेटवर्क में विद्युत विस्फोट के द्वारा होने वाले किसी भी दूर्घटना को रोकने के लिए आई.ई. नियम 1956 के तहत उचित सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित किया है। वितरण ट्रांसफार्मरों के लिए उचित बेड़ा बनाया गया है और समुचित अर्थींग प्रणाली की व्यवस्था भी की गई है। आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्युत उपयोग में खास कर मोन्सून में इसके प्रति सावधानी बरतने के लिए नियमित परिपत्र जारी किये जाते है।

ग) सूचना प्रौद्योगिकी पहल :

आपके निगम ने ऑटोमेटिक मीटर रीडींग प्रणाली, ऑनलाईन स्पॉट बिल भुगतान प्रणाली और ऑनलाईन बिल भुगतान व्यवस्था शुरु करने से बिलिंग क्षमता और राजस्व वसूली बेहतर हो गई है। इससे निगम को कार्यालय में बैठे हुए ही समय-समय पर डेटा की जानकारी लेने की सुविधा भी मिल सकेगी। आपके निगम ने स्टोर प्रबंधन हेतु ऑनलाईन सॉफ्टवेयर का उपयोग शुरु किया है जिससे समय-समय पर डेटा की देखरेख एवं विश्लेषण में सुविधा होगी।

निगम आर-ए.पी.डी.आर.पी स्कीम के साथ एकीकृत सोल्यूशन स्कीम को लागू करने के लिए प्रक्रियाधीन है जिसके लिए निविदा का कार्य प्रगति पर है।

घ) चोरी से रोकथाम के लिए अपनाये गये मापदंड :

निगम के पास प्रयोगशाला एवं सतर्कता के लिए एक पृथक अनुभाग है जो सभी बिजली मीटरों की सही जाँच करता है और प्रदेश के ई.एच.टी. तथा एच.टी. उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर लगाने एवं सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के मीटर लगाने की जाँच करता है। सब-स्टेशनों पर उपकरणों और लगाये जाना वाले मीटरों को भी प्रयोगशाला और सतर्कता अनुभाग से जोड़ दिया गया है। सतर्कता जाँच अनुभाग द्वारा समय-समय पर किया जाता है और वह उपभोक्ताओं के विद्युत खपत के तरीके को ध्यान में रखता है।

ङ) स्वचालित मीटर रीडिंग :

स्वचालित मीटर रीडिंग (ए.एम.आर.) प्रणाली एक ऐसी तकनीक है जिसके माध्यम से विद्युत डिवाईज से डेटा लिया जाता है और इसे सेन्ट्रल स्टेशन पर भेजा जाता है ताकि बिल बनाया जा सके। यह डेटा एकत्रित करने का एक बेहतर माध्यम है जिसके द्वारा मीटर के पुनःरीडिंग की अनिवार्यता से बचा जा सकता है, सही डेटा एकत्रित की जा सकता है, मीटर की रीडिंग निरंतर की जा सकती है, बिल भुगतान एवं उपभोक्ता सेवा को उन्नत बनाया जा सकता है, विद्युत प्रोफाईल को समयबद्ध बनाया जा सकता है और खपत के ट्रेंड को अद्यतन किया जा सकता है तथा मानव संशाधन को सही तरीके से नियोजित किया जा सकता है। वर्तमान समय में उच्च विद्युत दाब वाले उपभोक्ताओं का 75 प्रतिशत जो कि कुल बिक्री का 94 प्रतिशत हैं, को इस प्रणाली के तहत ले लिया गया है। लघु दाब वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं एवं अन्य श्रेणियों को चरणबद्ध तरीके से प्रणाली शुरु करने का प्रस्ताव है।

च) फोटो रीडिंग और ऑनलाईन स्पॉट बिल भुगतान प्रणाली :

बहुसंख्यक मीटर रीडिंग के लिए फोटो रीडिंग और ऑनलाईन स्पॉट बिल भुगतान प्रणाली को लागू किया जाना निगम

b) Safety Measures Taken

Your Corporation is ensuring adequate safety measures as per IE Rules 1956 for safety of living beings and to avoid any accident due to electrocution from its network. Proper fencing has been provided for distribution transformers and adequate earthing system was also provided. Circulars have been issued regularly to promote awareness of general public to safeguard the utilisation of electricity especially during monsoon period.

c) I.T. Initiatives

Your Corporation already introduced Automatic Meter Reading system, online spot billing system and online bill payment system which helped Corporation to improve billing efficiency and revenue realization. It has also facilitated the Corporation to monitor and analyzing the data time to time by sitting in the office. Your Corporation started using online software for stores management which has facilitated the monitoring and analyses of data from time to time.

DNHPDCL is in the process to implement scheme of Integrated Solutions in line with R-APDRP scheme for which the work of tendering is in process.

d) Anti-Theft Measures

DNHPDCL has a separate division for Lab & Vigilance to provide accurate testing of all energy meters and installation of metering equipments to EHT and HT consumer premises and checking of metering installations of all categories of consumers in the territory. The equipments and metering installed in the sub-stations are also tested and connected by Lab & Vigilance division. The vigilance checks are being done by the division periodically and kept vigil on the consumption pattern of the consumers.

f) Automatic Meter Reading

Automatic Meter Reading (AMR) system is a technology which is used to gather data from energy metering devices and transfer it to central station in order to analyze it for billing purposes. It is an effective mean of data collection that allow substantial saving through meter re-read, greater data accuracy, allow frequent meter reading, improved billing and consumer service, more timely energy profiles and consumption trends update and better deployment of human resource. At present 75 % of high tension consumers which constitute 94 % of total sales are covered under this system. The system has started in other categories and proposed to cover LT industrial consumers in a phased manner.

e) Photo Readings And Online Spot Billing System

Photo reading and online spot billing system introduced by the Corporation is a revolutionary solution for mass meter reading, which enables to stream line and

द्वारा उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे पारदर्शी मीटर लगाने एवं बिल प्रणाली को प्रभावी तरीके से लागू करने में, नकद बहाव और उपभोक्ता केन्द्रित प्रक्रिया बनाने में मदद मिलेगी। ऑनलाईन स्पॉट बिल भुगतान प्रणाली से कई लोगों के द्वारा विविध स्थलों पर किये जानेवाले कामों को सिंगल विंडो ऑपरेशन के तहत किया जा सकेगा। फोटो मीटर रीडिंग और ऑनलाईन स्पॉट बिल भुगतान प्रणाली को लागू करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे नियमित बिल भुगतान चक्र को न्यूनतम उपभोक्ता शिकायत के साथ किया जा सकेगा, यह एक बेहतर निर्णयात्मणक प्रणाली है जिसमें राजस्व अर्जन में बढ़ावा होगा और यह पारदर्शिता एवं बेहतर उपभोक्ता सेवा जैसे अप्रत्यक्ष लाभों से भी युक्त है।

छ) **ई-निविदा :**

निगम ने ₹ 5.00 लाख के अनुमानित लागत से अधिक वाले कार्य के लिए ई-निविदा प्रक्रिया को लागू किया है, जो वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में पारदर्शिता को लाने में उल्लेखनीय सुधार ला रही है।

ज) **टी. एवं डी. नुकसानों को कम करने के लिए उठाये गये कदम :**

आपके निगम ने विद्युत नेटवर्क के पुनःसशक्तिकरण का कार्य आरंभ किया है। पुराने विद्युत नेटवर्कों को बदला जा रहा है। वर्ष के दौरान, तीन (3) संख्यक 66/11 के.वी. सब-स्टेशनों की स्थापना की गई है। टी. एवं डी. नुकसान को नियमित तौर पर देखा जा रहा है। अल्प आय वर्ग (एल.आई.जी.) (यानि मीटररहित कनेक्शनों) को मीटर प्रदान किये गये हैं ताकि विद्युत खपत को मापा जा सके। लंबे एल.टी. लाईन एवं नुकसान को कम करने के लिए नये वितरण ट्रांसफार्मरों को लगाया गया है।

8. टैरीफ :

संघ प्रदेशों और गोवा राज्य के संयुक्त विद्युत नियामक आयोग (जे.ई.आर.सी.) संघ प्रदेश में बिजली के उपयोग के कार्य को नियंत्रित करने वाला प्राधिकरण है और वह विद्युत उपभोक्ताओं के विविध वर्ग हेतु टैरीफ दर का निर्धारण भी करता है। जे.ई.आर.सी. ने वर्ष 2014-15 के लिए संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली के लिए टैरीफ आदेश को जारी किया है और वह वर्ष के लिए आपके निगम के लिए मान्य है।

9. शेयर पूँजी :

निगम की प्राधिकृत शेयर पूँजी ₹ 100,00,00,000/- (रूपये सौ करोड़ मात्र) है जो प्रति ₹ 100/- वाले इक्विटी शेयर के रूप में 1,00,00,000 में विभक्त है। वर्तमान में, निगम की भुगतानित शेयर पूँजी ₹ 80,00,00,000/- (रूपये अस्सी करोड़ मात्र) है जो प्रति ₹ 100/- वाले इक्विटी शेयर के रूप में 80,00,000 में विभक्त है।

10. सावधि जमा :

आपके निगम ने कंपनी अधिनियम, 2013 के पाठ V के प्रावधानों के तहत सावधि जमा के रूप में पूँजी स्वीकार नहीं की है। हालांकि, जारी वित्तीय वर्ष के दौरान, संघ प्रदेशों एवं गोवा राज्य के संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जे.ई.आर.सी.) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत अपने उपभोक्ताओं से सुरक्षा जमा स्वीकार किया है।

implement an effective and transparent metering & billing system, improve cash flow and to make the process customer centric. The online spot billing process helps in integrating various activities being handled by several people at multiple locations into a single window operation. The advantages of photo meter reading and spot billing are ensuring regular billing cycles with less consumer complaints, better decision making systems with improved revenue collection efficiency and it also brings intangibles like transparency and better customer services.

f) E-Tendering

DNHPDCL has implemented e-tendering process for all the tenders having estimated cost of more than 5.00 lacs, which has significantly improved the transparency in procurement of goods and services.

g) Measures Taken To Reduce T & D Losses

Your Corporation started re-strengthening of electrical network. The old electrical networks are being replaced. During the year, three (3) no of 66/11KV sub-station were commissioned. T & D losses are continuously monitored. Low Income Group (LIG) (i.e unmetered connections) have been provided meters to evaluate energy consumption. New distribution transformers are also installed to reduce the length LT line and losses.

8. TARIFF :

The Joint Electricity Regulatory Commission (JERC) for the Union Territories and State of Goa is the authority to regulate the working of electricity utilities in the U.T. and is entrusted with various functions including the determination of tariff for various categories of electricity consumers. JERC issued Tariff orders for UT of Dadra & Nagar Haveli for the year 2014-15 and the same was applicable to your Corporation for the year.

9. SHARE CAPITAL :

The authorized share capital of the Corporation is ₹ 100,00,00,000/- (Rupees One Hundred crore only) divided in to 1,00,00,000 (One crore) equity shares of ₹ 100/- each (Rupees Hundred only). At present, the paid-up share capital of the Corporation is ₹ 80,00,00,000/- (Rupees Eighty crore only) divided into 80,00,000 (Eighty lakhs) equity shares of ₹ 100/- each.

10. FIXED DEPOSIT :

Your Corporation has not accepted any fixed deposit within the provisions of Chapter V of the Companies Act, 2013. However, during the current financial year, it has accepted security deposits from its consumers in terms of the guidelines issued by the Joint Electricity Regulatory Commission (JERC) for Union Territories and State of Goa.

11. निदेशक एवं मुख्य प्रबंधन कार्मिक :

आपकी कंपनी में निम्नलिखित बोई निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधन कर्मियों में बदलाव हुए हैं :

- श्री बी. एस. भल्ला, भा.प्र.से., अध्यक्ष के इस प्रदेश से स्थानांतर होने के कारण श्री आशिष कुंद्रा, भा.प्र.से., प्रशासक, दादरा एवं नगर हवेली ने कंपनी अध्यक्ष के रूप में दिनांक 18/08/2014 से कार्यभार संभाला।
- आपके निगम ने दिनांक 08.08.2014 से स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री पी. पेन्टैया को नियुक्त किया है।
- श्रीमती मिताली नामचूम महिला निदेशक के रूप में दिनांक 21.11.2014 से आपके निगम में नियुक्त हुई।
- श्री गौरव सिंह रजावत, भा.प्र.से., समाहर्ता, दानह को दिनांक 17 मार्च, 2015 को निदेशक नियुक्त किया गया।
- श्री पी. एस. रेड्डी, भा.प्र.से. एवं श्री जी. एस. मीणा, भा.प्र.से. को उनके इस प्रदेश से स्थानांतरण के कारण निगम के निदेशक से निवृत्त किया गया।
- श्री जे.पी. अग्रवाल, भा.प्र.से., वित्त सचिव को दिनांक 22 मई, 2015 से निगम का निदेशक नियुक्त किया गया। श्री जे.पी. अग्रवाल, भा.प्र.से. को दिनांक 17 अगस्त, 2015 से निदेशक के पद से निवृत्त है।
- श्री विनोद कावले, भा.प्र.से. को दिनांक 7 सितम्बंर, 2015 को निगम के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।
- श्री बी.एस. भल्ला, भा.प्र.से., निगम के अध्यक्ष, श्री जी.एस. मीणा, भा.प्र.से., श्री पी.एस. रेड्डी, भा.प्र.से. और श्री जे.पी. अग्रवाल, भा.प्र.से. अपने कार्यकाल के दौरान बहुमूल्य सेवा प्रदान करने के लिए निदेशकों ने उनकी सराहना की।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 203 के अनुसरण में, श्री के. जे. बामनिया, महाप्रबंधक (वित्त) को दिनांक 14 अगस्त, 2015 से प्रभावी प्रधान वित्त अधिकारी के रूप में नामित किया गया तथा श्री विट्ठल चव्हाण, कंपनी सचिव को कंपनी के प्रमुख प्रबंधन कार्मिक के रूप में नामित किया गया है।
- स्वतंत्र निदेशकों ने बोर्ड को यह घोषणा सौंपी है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति संबंधित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करते हैं। बोर्ड कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री हेमांशु कापडिया की नियुक्ति का सदस्यों के अनुमोदन हेतु अपनी वार्षिक आम बैठक में प्रस्ताव रखेगा।

11. DIRECTORS AND KEY MANAGERIAL PERSONNEL :

Following changes took place in Board of Directors and key Managerial Personnel of your Company.

- Shri. Ashish Kundra, IAS, the Administrator, Dadra & Nagar Haveli taken over the charge as Chairman, DNHPDCL w.e.f. 18/08/2014 due to transfer of Shri. B.S. Bhalla, IAS, the Chairman from this territory.
- Your Corporation appointed Shri. P. Pentayya, as Independent Director w.e.f. 08/08/2014.
- Smt. Mitali Namchoom was appointed as Woman Director of the Corporation w.e.f. 21.11.2014.
- Shri. Gaurav Singh Rajawat, IAS, Collector, DNH was appointed as Director of the Corporation w.e.f. 17th March 2015.
- Shri. P. S. Reddy, IAS and Shri. G.S. Meena, IAS ceased to be Director of the Corporation due to transfer from this territory.
- Shri. J. P. Agrawal, IAS, Finance Secretary has been appointed as Director of the Corporation w.e.f. 22nd May 2015. Shri. J.P. Agrawal, IAS ceased to be director w.e.f. 17th August 2015.
- Shri. Vinod Kavle, IAS has been appointed as Director of the Corporation w.e.f. 7th September 2015.
- Your directors place on record their appreciation of the valuable service rendered to the Company by Shri B. S. Bhalla, IAS, the Chairman of the Corporation, Shri G. S. Meena, IAS, Shri. P. S. Reddy, IAS and Shri. J. P. Agrawal, IAS director of the Corporation during their tenure.
- Pursuant to the Provisions of Section 203 of the Companies Act, 2013 effective from 14th August, 2015, Shri K.J. Bamania, General Manager (Fin) was designated as Chief Financial Officer of the Company and Shri Vitthal Chavan, Company Secretary designated as Key Managerial Personnel of the Company.
- The Independent Directors have submitted their declaration to the Board that they fulfill all the requirements as to qualify for their appointment as an Independent Director under the provisions of the Companies Act, 2013. The Board proposes for approval of members the appointment of Shri. Hemanshu Kapadia, Independent Director in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013 in ensuing Annual General meeting.

12. बोर्ड बैठक :

वर्ष के दौरान, दिनांक 24.06.2014, 29.09.2014, 21.11.2014 तथा 17.03.2015 को बोर्ड की कुल चार बैठकें हुई। निदेशकों के द्वारा बैठक में आने का विवरण निम्नवत है :

निदेशकों का नाम		निदेशकों का कार्यकाल	संख्या बैठकों में हाजिर /कुल बैठकें
श्री आशिष कुंद्रा, भा.प्र.से.	अध्यक्ष	(18.08.2014 से कार्यान्वित)	3/3
श्री बी. एस. भल्ला, भा.प्र.से.	अध्यक्ष	(14.08.2014 तक)	1/1
श्री संदीप कुमार, भा.प्र.से.	प्रबंध निदेशक		4/4
श्री पी. एस. रेड्डी, भा.प्र.से.	निदेशक		4/4
श्री जी. एस. मीणा, भा.प्र.से.	निदेशक	(27.01.2015 तक)	2/3
श्रीमती मिताली नामचूम, भा.प्र.से.	निदेशक	(21.11.2014 से कार्यान्वित)	1/2
श्री गौरव सिंह राजावत, भा.प्र.से.	निदेशक	(17.03.2015 से कार्यान्वित)	1/1
श्री हिमांशु कापडिया	स्वतंत्र निदेशक		4/4
श्री पी. पेन्टैया	स्वतंत्र निदेशक	(08.08.2014 से कार्यान्वित)	2/3

13. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली :

आपके निगम के पास उपयुक्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है जो इसके आकार के अनुरूप कार्य कर रही है ताकि एक प्रभावी आंतरिक नियंत्रण वातावरण सुनिश्चित की जा सके जो व्यापार को प्रभावी बनाने को सुनिश्चित करेने के साथ कंपनी की योजनाओं को लागू करने, इसके परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं गलतियों की पहचान एवं रोकथाम, लेखा संबंधी रिकार्डों की शुद्धता एवं पूर्णता को पूर्ण करेगी।

मेसर्स एच. पी. शाह एवं एसोसिएट, सनदी लेखाकार को वर्ष 2014-15 के दौरान निगम के आंतरिक लेखा परीक्षा के लिए नियुक्त किया गया था। लेखा परीक्षा समिति ने आंतरिक लेखा परीक्षक के रिपोर्ट की समीक्षा की और आवश्यपक निर्देश जारी किये।

14. लेखा परीक्षक :

1) वैधानिक लेखा परीक्षक एवं लेखा-परीक्षा रिर्पोट :

मेसर्स अग्रवाल एवं धंधानिया, सनदी लेखाकार, सूरत को भारत के महालेखापरीक्षक एवं नियंत्रक ने, वित्तीय वर्ष

12. BOARD MEETINGS :

During the year, four (4) meetings of the Board were held on 24.06.2014, 29.09.2014, 21.11.2014 and 17.03.2015. The number of meetings attended by the Directors is as under;-

Name of Director		Tenure of Director	Number of meetings attended /total meetings
Shri Ashish Kundra, IAS,	Chairman	(w.e.f.18.08.2014)	3/3
Shri B. S. Bhalla, IAS,	Chairman	(till 14.08.2014)	1/1
Shri Sandeep Kumar, IAS,	Managing Director		4/4
Shri P. S. Reddy, IAS,	Director		4/4
Shri G.S. Meena, IAS,	Director	(till 27.01.2015)	2/3
Smt Mitali Namchoom, IAS,	Director	(w.e.f 21.11.2014)	1/2
Shri Gaurav Singh Rajawat, IAS,	Director	(w.e.f. 17.03.2015)	1/1
Shri Hemanshu Kapadia,	Independent Director		4/4
Shri P. Pentayya,	Independent Director	(w.e.f. 08.08.2014)	2/3

13. INTERNAL FINANCIAL CONTROL SYSTEM :

Your Corporation has adequate internal financial control system commensurate with its size to ensure an effective internal control environment that provides assurance on the efficiency of conducting business including adherence to the Company's policies, the safeguarding of its assets, the prevention and detection of frauds and errors, the accuracy and completeness of the accounting records.

M/s H. P. Shah & Associates, Chartered Accountants was appointed to carry out Internal Audit of the Corporation in the year 2014-15. The Audit committee reviews reports of the Internal Auditor and necessary directions are issued whenever required.

14. AUDITORS:

I) Statutory Auditors and Auditor's Report :

M/s. Agarwal & Dhandhania, Chartered Accountants, Surat was appointed, by the

2014-15 के वैधानिक लेखा परीक्षक के तौर पर नियुक्त किया । वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए भारत के महालेखापरीक्षक एवं नियंत्रक द्वारा नियुक्त किये गये वैधानिक लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक को तय करने के लिए अनुवर्ती वार्षिक सामान्य बैठक में प्रस्तावित किया गया है । बोर्ड द्वारा वैधानिक लेखा संबंधी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का पुनरीक्षण किया गया है । लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रस्तुत टिप्पणियां और समीक्षाऐं स्वतःस्पष्ट है और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अन्य टिप्पणी / स्पष्टीकरण की कोई आवश्यकता नहीं है । कंपनी महालेखापरीक्षक एवं नियंत्रक की टिप्पणियों का जवाब **अनुलग्नक – 6** में प्रस्तुत है ।

2) लागत लेखा-परीक्षा

वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 148 के साथ पठित कंपनी (लागत रिकार्ड एवं लेखा परीक्षा) संशोधित नियम, 2014 के तहत लागत लेखा रिर्काडों की देखरेख निगम ने की है । निगम के निदेशक मंडल ने केन्द्र सरकार के अनुमोदन के शर्त पर मेसर्स बी. एफ. मोदी एण्ड कं., वापी को वित्तीय वर्ष 2014-15 के लागत लेखा परीक्षा के लिए नियुक्त किया। केन्द्र सरकार ने इस नियुक्त के लिए अनुमोदन प्रदान किया । लागत लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रस्तुत टिप्पणियां और समीक्षाऐं स्वतःस्पष्ट है और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अन्य टिप्पणी / स्पष्टीकरण की कोई आवश्यकता नहीं है । 31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लागत लेखा रिपोर्ट को केन्द्र सरकार के साथ नियत समय-सीमा के भीतर दिनांक 23.09.2015 को भर लिया गया । निगम के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए भी मेसर्स बी. एफ. मोदी एण्ड कं., वापी को ही लागत लेखा-परीक्षक के रूप में पुनर्नियुक्त किया है । वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए आपके निदेशकों ने आपके समर्थन हेतु बोर्ड के निदेशक मंडल के द्वारा नियुक्त लागत लेखा-परीक्षक के मानदेय हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत दिये जाने हेतु सिफारिश की है।

3) सचिवीय लेखा परीक्षा

आपके निगम ने कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 204 के प्रावधानों के तहत वर्ष 2014-15 के वार्षिक सचिवीय लेखा परीक्षा हेतु मेसर्स भैरव शुक्ला, व्यावसायिक कंपनी सचिव, सूरत को नियुक्त किया है । मेसर्स भैरव शुक्ला, व्यावसायिक कंपनी सचिव, सूरत ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट (प्रपत्र एम.आर.-3) को जारी किया है जो इस रिपोर्ट का भाग है और जिसे **अनुलग्नक - 1** के रूप में दर्शाया गया है । सचिवीय लेखा परीक्षा की टिप्पणियों के जवाब को **अनुलग्नक -2** के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

15. बोर्ड द्वारा गठित विविध समितियाँ :

क) लेखा-परीक्षा समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 177 के साथ पठित कंपनी (बोर्ड बैठकें एवं उनकी शक्तियां) नियम, 2014 के नियम 6 के अनुसरण में, लेखा परीक्षा समिति गठित की गई है । दिनांक 31 मार्च, 2015 को इस लेखा परीक्षा समिति संयोजन निम्नवत् है :

Comptroller & Auditor General of India, as Statutory Auditors for the financial year 2014-15. It is proposed to decide the remuneration of the Statutory Auditors to be appointed by the Comptroller & Auditor General of India for the financial year 2015-16 at the ensuing Annual General Meeting. The Board has duly reviewed the Statutory Auditors' Report on the accounts. The observations and comments appearing in the Auditors' Report are self explanatory and do not call for any further explanation/ clarification by the Board under the Companies Act, 2013. The reply to the Comments of C&AG is enclosed at **Annexure – 6.**

ii) Cost Audit

Pursuant to Section 148 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Cost Records and Audit) Amendment Rules, 2014, the cost accounts are maintained by the Corporation for FY 2014-15. The Board of Directors appointed M/s B F Modi & Co., Vapi as Cost Auditors for the financial year 2014-15, subject to approval from the Central Government. The Central Government approved said appointment. The observations and comments appearing in the Cost Auditors' Report are self-explanatory and do not call for any further explanation/ clarification by the Board under the Companies Act, 2013.The Cost Audit Report for the financial year ended 31st March, 2015 was filed on 23.09.2015 with the Central Government within the prescribed time limit. The Board of Directors re-appointed M/s B F Modi & Co., Vapi as a Cost Auditor for the F.Y. 2015-16 also. Your Directors recommended the remuneration of the Cost Auditors appointed by the Board of Directors for the financial year 2015-16 for your ratification as per provisions of the Companies Act, 2013.

III) Secretarial Audit

Your Corporation has engaged M/s Bhairav Shukla, Practising Company Secretary, Surat for conducting annual Secretarial Audit for the year 2014-15 pursuant to Section 204 of the Companies Act, 2013. M/s Bhairav Shukla, Practising Company Secretary, Surat has issued Secretarial Audit Report (Form MR-3) for the year 2014-15 which forms part of this Report and is furnished as **Annexure-1.** The reply to the observations of the Secretarial Auditor are furnished at **Annexure-2.**

15. VARIOUS COMMITTEES CONSTITUTED BY THE BOARD :

a) Audit Committee

The Audit Committee was constituted on the terms of reference as prescribed under Section 177 of the Companies Act, 2013 read with Rule 6 of the Companies (Meetings of the Board and its powers) Rules, 2014. The Composition of the Audit Committee as on 31st March 2015 was as under

1.	श्री पी. एस. रेड्डी, भा.प्र.से.,	वित्त सचिव निदेशक	– अध्यक्ष
2.	श्री हिमांशु कापड़िया,	स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य
3.	श्री पी. पेन्टैया,	स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य

निरीक्षण वर्ष के दौरान, लेखा-परीक्षा समिति ने तीन बैठकें दिनांक 11.09.2014, 18.11.2014 एवं 26.03.2015 को आयोजित की गई। समिति के समस्त सदस्यों इन बैठकों में उपस्थित हुए।

ख) कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी

आपका निगम के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) पहल संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली के समुदाय के हित के लिए और आम लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने एवं आर्थिक उन्नित के लिए कार्यक्रमों पर अपना ध्यान केन्द्रीत किये हैं। सी.एस.आर. कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसूची VII के प्रावधानों के तहत परियोजनाओं को अंगीकृत किया है। बोर्ड के द्वारा बनाई गई सी.एस.आर. समिति का गठन निम्नवत् है :

1.	समाहर्ता, दानह/निदेशक, डी.एन.एच.पी.डी.सी.एल.	– अध्यक्ष
2.	श्री हिमांशु कापडिया, स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य
3.	श्री पी. पेन्टैया, स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य

सी.एस.आर. समिति ने वर्ष के दौरान दो बार यानि दिनांक 30.10.2014 और 18.11.2014 को बैठक की और बोर्ड के अनुमोदन हेतु सी.एस.आर. पॉलिसी की सिफारिश की। समिति के समस्त सदस्यों ने इन बैठकों में हिस्सा लिया।

दिनांक 21.11.2014 की बैठक में बोर्ड ने सी.एस.आर. कार्यक्रम/गतिविधियों वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए सी.एस.आर. पॉलिसी को अनुमोदित कर दिया। निगम की सी.एस.आर. पॉलिसी वेबसाईट www.dnhpdcl.in पर उपलब्ध है।

वर्ष के दौरान, अनुमोदित सी.एस.आर. कार्यक्रम के लिए, निगम ने रोगी कल्याण समिति, विनोबा भावे अस्पताल, सिलवासा को ₹ 42.89 लाख की लागत वाली एक कार्डिक केयर एम्बुलेंस दान की। निगम ने ₹ 25.00 लाख की निधि दूधनी के आदर्श ग्राम में पुस्तकालय बनाने के लिए तथा ₹ 91.30 लाख आदर्श ग्राम योजना के अन्य क्रियाकलापों के लिए चिन्हित किया। समाहर्ता, दानह प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में हैं और इसलिए, वर्ष 2014-15 के दौरान, निगम ने आदर्श ग्राम विकास सोसाइटी लिमिटेड को निधि नहीं सौंपे हैं।

कंपनी (निगम का सामजिक दायित्व पॉलिसी) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में, सी.एस.आर. क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक - 3** के रूप में संलग्नित की गई है।

ग) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

बोर्ड के निदेशक मंडल ने दिनांक 29.09.2014 को आयोजित बैठक में मुख्य प्रबंधन कार्मिक (के.एम.पी.), वरिष्ठ

1.	Shri P. S. Reddy, IAS, Finance Secretary, Director	– Chairman
2.	Shri Hemanshu Kapadia, Independent Director	– Member
3.	Shri P. Pentayya, Independent Director	– Member

During the year under review, the Audit Committee held three meetings on 11.09.2014, 18.11.2014 and 26.03.2015. All members of the Committee attended these meetings.

b) Corporate Social Responsibility(CSR) Committee

Your Corporation's Corporate Social Responsibility (CSR) initiatives focus on the programs that benefit the communities in the UT of Dadra & Nagar Haveli and enhancing the quality of life and economic wellbeing of the local populace. The CSR projects adopted are accordance with Schedule VII of the Companies Act, 2013. The Board has constituted the CSR Committee with following composition.

1.	Collector, DNH/ Director, DNHPDCL	– Chairman
2.	Shri Hemanshu Kapadia, Independent Director	– Member
3.	Shri P. Pentayya, Independent Director	– Member

CSR Committee held two meeting during year i.e. on 30.10.2014 & 18.11.2014 and recommended CSR Policy for approval of the Board. All members of the Committee attended these meetings.

The Board at its meeting held on 21.11.2014 approved CSR policy and CSR programs/activities for the financial year 2014-15. The CSR policy of the Corporation is available on website www.dnhpdcl.in.

During the year, in terms of approved CSR programs, the Corporation donated one Cardiac Care Ambulance amounting ₹ 42.89 Lakhs to Rogi Kalyan Samiti ,Vinoba Bhave Hospital, Silvassa. The Corporation earmarked funds of ₹ 25.00 Lakhs for setting up of library In Dudhani, Adarsh Gram Village and ₹ 91.30 Lakhs for other activities for Adarsh Gram Yojana. The Collector, DNH is in process of submission of the proposal and therefore, during the year 2014-15, the Corporation could not remit the funds to Adarsh Gram Vikas Society Ltd.

Pursuant to Rule 9 of the Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules, 2014, the Annual Report on CSR activities is annexed herewith as **Annexure-3**

c) Nomination & Remuneration Committee

The Board of Directors at their meeting held on 29.09.2014 constituted the Nomination

प्रबंधन एवं अन्य कर्मचारियों के चयन एवं पारिश्रमिक हेतु पॉलिसी बनाने के लिए निम्नलिखित निदेशकों के साथ नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया।

1.	वित्त सचिव/निदेशक, डी.एन.एच.पी.डी.सी.एल.	– अध्यक्ष
2.	समाहर्ता, दानह/निदेशक, डी.एन.एच.पी.डी.सी.एल.	– सदस्य
3.	श्री हिमांशु कपाडिया, स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य
4.	श्री पी. पैंटैय्या, स्वतंत्र निदेशक	– सदस्य

वर्ष के दौरान, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति ने दिनांक 30.12.2014 को मुख्य वित्त अधिकारी (सी.एफ.ओ.) पद के लिए उम्मीदवार का मूल्यांकन हेतु बैठक की। इस बैठक में समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

